टी बोर्ड
14, बिप्लवी त्रैलोक्य महाराज सरणी,
कोलकाता-700 001

सं. 20(26)/2023/संवंधन/ 2398 दिनांक : 05.12. 2024

## परिपत्र

अधोहस्ताक्षरी को भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव द्वारा जारी डी.ओ. पत्र सं. 13016/2/2017-डब्ल्यूडब्ल्यू-भाग-I दिनांक 26.11.2023 की एक प्रति संलग्न करने का निर्देश दिया गया है, जो भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सचिव को संबोधित है, जिसे एमओसीएंडआई, वाणिज्य विभाग, भारत सरकार द्वारा विधिवत अग्रेषित किया गया है। भारत सरकार के पत्र सं. के-67012/4/2024- महिला प्रकोष्ठ दिनांक 04.12.2024 के माध्यम से 9 दिसंबर, 2024 तक के सप्ताह को **कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम सप्ताह** के रूप में मनाने का अनुरोध किया गया है, जिसमें विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा सकता है, जिसमें कर्मचारियों के लिए संवेदीकरण कार्यशालाओं का आयोजन, लंबित मामलों का निपटारा, यदि अभी तक नहीं किया गया है तो शी-बॉक्स पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग को पूरा करना और औपचारिक एवं अनौपचारिक/संगठित तथा असंगठित दोनों क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के लिए यौन उत्पीड़न से मुक्त सुरक्षित कार्य वातावरण बनाने के लिए यौन उत्पीड़न अधिनियम के प्रत्येक प्रावधान का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करना शामिल हो सकता है। इसका उद्देश्य दिसंबर, 2024 के पहले सप्ताह तक पोर्टल पर डेटा अपलोड पूरा करना है।

तदनुसार कार्यालय ज्ञापन सं. 24/2023 दिनांक 09.03.2023 के तहत अधिसूचित टी बोर्ड में कार्यरत महिला के यौन उत्पीड़न की शिकायत के निवारण के लिए आंतरिक शिकायत समिति से अनुरोध किया जाता है कि वह उपरोक्त संक्षिप्त दिशानिर्देशों के अनुसार इस संबंध में आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई करें एवं टी बोर्ड में उक्त कार्यक्रम के पूरा होने के उपरान्त एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

संलग्न : यथोक्त

(डॉ. ऋषिकेश राय)
सचिव (प्रभारी)

वितरण :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती दीपानिता दत्ता गुप्ता, प्रचार अधिकारी एवं आंतरिक शिकायत समिति की पीठासीन अधिकारी, टी बोर्ड | कृपया इस परिपत्र की विषय- वस्तु को अन्य सभी सदस्यों के समक्ष लाने के अनुराध सहित। |
| 2. | कार्यकारी निदेशक, टी बोर्ड, कुन्नूर एवं गुवाहाटी | |
| 3. | बोर्ड के मुख्यालय, कोलकाता के सभी विभागाध्यक्ष (उपाध्यक्ष एवं सचिव को छोड़कर) | |
| 4. | उ.नि.चा.वि, सिलीगुडी एवं पालमपुर, अनु. अ. (उ. पश्चि.भा), नई दिल्ली | |
| 5. | उपाध्यक्ष./ वि.स. एवं मु.ले.अ. एवं सचिव के निजी सहायक | |
| 6. | फाइल सं. 23(2)/स्था/2023 | |
| 7. | आई.टी कक्ष | बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित। |
| 8. | टीबीईए | |
| 9. | प्रचार अनुभाग | अतिरिक्त प्रतियां सहित |

संदर्भ. फाइल सं. 20(26)/2023/संवर्धन